## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रामनवमी की पूर्व संध्या पर आज शाम राजधानी रांची, हजारीबाग, जमशेदपुर, पलामू, रामगढ़ और पाकुड़ समेत राज्य के कई हिस्सों में झांकियां निकाली जाएंगी। झांकी रात आठ बजे से निकलेंगी और देर रात तक इनका समापन होगा। इस सिलसिले में रांची में आज शाम चार बजे से कल की सुबह छह बजे तक शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

*********************

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने हाईकोर्ट के निर्देश के बीच कल निकलने वाले रामनवमी जुलूस को लेकर दिशा–निर्देश जारी किया है। विद्युत आपूर्ति अंचल रांची के अधीक्षण अभियंता ने सभी रामनवमी पूजा समितियों से सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतर्कता बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने झंडे की अधिकतम ऊंचाई 4 मीटर रखने का निर्देश दिया है।

*********************

फैटी लिवर बीमारी की रोकथाम के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज रांची के सदर अस्पताल से विशेष अभियान की शुरुआत की। श्री सेठ ने कहा कि इस अभियान के तहत रांची में हर तीन महीने में तीस हजार लोगों की जांच की जाएगी।

*********************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना पश्चिमी सिंहभूम जिले में छोटे व्यवसाइयों के लिए वरदान साबित हो रही है। जिले में पिछले 10 वर्षों में इस योजना के तहत एक लाख से ज्यादा लोगों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। अग्रणी ज़िला बैंक प्रबंधक दिवाकर सिन्हा ने बताया कि इस योजना ने लोगों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी ळें

*********************

राज्यपाल संतोष गंगवार ने आज लोआडीह स्थित शहीद रघुनाथ महतो चौक पर झारखंड आंदोलनकारी शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर श्री गंगवार ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो ने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं।

*********************

राज्य के भूमि सुधार, राजस्व एवं निबंधन तथा परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने संगठन के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की कोशिश करेगा। पश्चिमी सिंहभूम जिले में झामुमो की नयी कमिटी के अभिनंदन समारोह के दौरान वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*********************

भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने कार्यकर्ताओं से पार्टी का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाने की अपील की है। गिरिडीह जिले के सरिया में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री राय ने कहा कि संयोग है कि कल देश में रामनवमी और दुर्गापूजा के साथ–साथ भाजपा का स्थापना दिवस भी मनाया जायेगा।

*********************

सिमडेगा जिले में उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं में इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*********************

भारतीय प्रबन्धन संस्थान रांची का 14वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आज शाम रांची कैंपस स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में किया जाएगा। इसमें सत्र 2023–2025 में शामिल कुल 405 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी जायेंगी।

*********************

पलामू के वीर विश्वनाथ सिंह की आदमकद प्रतिमा का आज उनके पैतृक गांव तरहसी प्रखंड के टंडवा नौगढ़ में चतरा के सांसद कालीचरण सिंह और पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अनावरण किया। गौरतलब है कि अमर जवान विश्वनाथ सिंह आज से 30 वर्ष पूर्व 27 मार्च 1996 में जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए शहीद हो गये थे।

*******समाप्त*******